2024/26

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री शेखर सक्सैना
निवासी 1/290,
आरएचबी, सिरोही
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उप पंजीयक कार्यालय सरूपगंज

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** — मुकदमा नं. 08 वर्ष 2024

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
22.02.2024	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपपंजीयक कार्यालय सरूपगंज को दिनांक 20.02.2023 एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि खसरा संख्या 1920/2121 कुल भूमि 4 बीघा ग्राम भावरी खातेदार श्री कन्हैयालाल पुत्र श्री मोतीजी मोची, निवासी सरूपगंज की रूपान्तरित भूमि पर काटी गई आवासीय कॉलोनी(शास्त्री नगर) के बिके/पंजीकृत हुए प्लॉट नम्बरों व पंजीकृत होने की तिथि से प्लॉट करने तक की सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपपंजीयक कार्यालय सरूपगंज को दिनांक 20.02.2023 एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि खसरा संख्या 1920/2121 कुल भूमि 4 बीघा ग्राम भावरी खातेदार श्री कन्हैयालाल पुत्र श्री मोतीजी मोची, निवासी सरूपगंज की रूपान्तरित भूमि पर काटी गई आवासीय कॉलोनी(शास्त्री नगर) के बिके/पंजीकृत हुए प्लॉट नम्बरों व पंजीकृत होने की तिथि से प्लॉट करने तक की सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी उपपंजीयक कार्यालय सरूपगंज से सम्बन्धित है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी उपपंजीयक कार्यालय सरूपगंज के प्रथम अपील अधिकारी जिला कलक्टर, सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (शुभम चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Chaudhary Date: 2024.03.15 16:29:09 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner